स्तर 3 (सप्ताह 10)

पुस्तक समीक्षा (मौखिक और लिखित)

उद्देश : बच्चों की अभिव्यक्ति का विकास होना।

साहित्य : कॉपी और पेन

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- बच्चों से यह कहा जा सकता है कि वह अपनी किसी कहानी की किताब, पाठ्य-पुस्तक (जो आपने अभी पढ़ी हो, पिछले वर्ष पढ़ी हो) के बारे में बातें करें कि उन्हें क्या पसंद आया और क्या पसंद नहीं आया और क्यों? बच्चे यह भी बताएँ कि वे अपनी पाठ्य-पुस्तक में क्या बदलाव करना चाहते हैं? क्या शामिल करना चाहते हैं? बच्चों को यह स्वतंत्रता दी जाए कि वे यह काम मौखिक या लिखित रूप से यानि बोलकर और लिखकर बता सकते हैं।

अपनी पसंदीदा कहानी लिखना

उद्देश : विचार क्षमता और लेखन क्षमता विकसित होना।

साहित्य : कॉपी और पेन

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- बच्चों को उनकी पसंदीदा कहानी अपने शब्दों में लिखने के लिए कहें।